निकाह का ऐलान करो।

आमिर बिन अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर से वर्णित है, वह अपने पिता से रिवायत करते हैं कि
नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया : “निकाह का ऐलान करो।” [ह़सन] [इसे अह़मद ने रिवायत किया है।]

यह हदीस प्रसन्नता व्यक्त करने और साधारण शादी तथा चुपके-से की जाने वाली शादी के बीच अंतर रखने के लिए उसके ऐलान, उसे मशहूर करने और लोगों के बीच उसका चर्चा करने का प्रमाण है। ज्ञात हो कि एलान कैसा हो, इस संबंध में आम रिवाज का एतबार किया जाएगा। एलान के साधनों में वलीमा, गवाह बनाना,दुल्हन की रुख़सती के समय दूल्हे को छोड़ने के लिए कुछ दूर तक उसके साथ चलना और डफली बजाना आदि शामिल हैं।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/58065